Grand news

# Chhattisgarh : छत्तीसगढ़ में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भांडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार, 2.32 लाख की जाली करेंसी बरामद

**बलौदाबाजार। Chhattisgarh :** बलौदाबाजार पुलिस ने जिले में नकली नोट छापकर उसे खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है, पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को लवन बाजार जिला सहकारी बैंक के पीछे खंडहर में दबिश देकर पकड़ा है, आरोपियों के पास से पुलिस ने 2 लाख 32 हजार 400 रुपये के नकली नोट सहित नोट छापने वाले उपकरणों को भी जब्त किया है।

मिली जानकारी केअनुसार, पुलिस की टीम को 07 दिसंबर 2024 को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि लवन नगर में कुछ लोग जाली नोट लेकर आए हैं और उसे लवन मार्केट एरिया में खपाने वाले हैं। सूचना पर थाना पुलिस ने लवन बाजार, जिला सहकारी बैंक के पीछे खंडहर में दबिश देकर दो आरोपियों को जाली नोट के साथ पकड़ा गया। दोनों आरोपियों का विधिवत तलाशी लेने पर क्रमशः 500, 200 एवं 100 के नोट सहित कुल ₹6400 नकली नोट दोनों आरोपियों से बरामद किया गया। कि प्रकरण में थाना लवन में अपराध क्रमांक 519/2024 धारा 178,180, 181,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों ने विस्तृत पूछताछ में अपने एक अन्य आरोपी साथी के साथ मिलकर पूरी योजनाबध्द तरीके से एक रंगीन प्रिंटर मशीन खरीदना एवं उस मशीन एवं प्रिंटर पेपर का उपयोग करते हुए 100, 200 एवं 500 रूपये के नकली नोट छापना बताया गया।

Source: https://grandnews.in/2024/12/08/chhattisgarh-gang-printing-fake-notes/#google_vignette